This Question Paper consists of **54** questions and **10** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **54** प्रश्न तथा **10** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**Code No. 71/SS/317**
**कोड नं.**

**SET/सेट- A1**

# POLITICAL SCIENCE
# राजनीति विज्ञान
# (317)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ______________________________

**Signature of Invigilators :**
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**
**1.** ______________________________

**2.** ______________________________

**General Instructions :**

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**4.** Write your Question Paper Code No. **71/SS/317**, **Set - A1** on the Answer-Book.

**5.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं **71/SS/317**, **सेट - A1** लिखें।

**5.** (क) प्रश्न – पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों /गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# राजनीति विज्ञान

# (317)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश:**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **54** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।

(iv) सभी खण्डों में दिये गए **वैकल्पिक मॉड्यूल-7A** अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल -7B** में से कोई एक ही **मॉड्यूल** के सभी प्रश्न करने होंगे।

(v) **खण्ड – क :**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **20** - तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है। इस प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनकर उत्तर के रूप में लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **21** से **35 - दो-दो** अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न में **एक-एक** अंक के दो उपभाग हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए।

(vi) **खण्ड - ख :**

(a) प्रश्न संख्या **36** से **46** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **02** अंक का है, जिसका उत्तर **30** से **50** शब्दों में लिखना है।

(b) प्रश्न संख्या **47** से **52** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **03** अंक का है, जिसका उत्तर **50** से **80** शब्दों में लिखना है।

(c) प्रश्न संख्या **53** और **54** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **05** अंक का है जिसका उत्तर **80** से **120** शब्दों में लिखना है।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंग।

## खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन समाज और राज्य के बीच सही अन्तर है ? **1**

(A) समाज के पास संप्रभुता है परन्तु राज्य के पास नहीं हैं।

(B) राज्य प्राकृतिक है परन्तु समाज कृत्रिम हैं।

(C) समाज का उद्गम पहले हुआ, राज्य का बाद में।

(D) राज्य की सदस्यता ऐच्छिक है, परन्तु समाज की अनिवार्य।

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन राज्य के बारे में सत्य **नहीं** है ? **1**

(A) इसके पास राजनीतिक संप्रभुता होना आवश्यक नहीं हैं।

(B) इसका आधार भाषा अथवा संस्कृति हो सकता है।

(C) इसकी क्षेत्रीय सीमाएँ सदैव निश्चित होती हैं।

(D) यह लोगों के बीच मनोवैज्ञानिक जुड़ाव है।

**3.** संविधान के कौन से भाग में मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख है ? **1**

(A) भाग III (B) भाग IV (C) भाग V (D) भाग VI

**4.** समाज कार्य के लिए समान वेतन का उल्लेख निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत किया गया है ? **1**

(A) मौलिक अधिकारों (B) मौलिक कर्त्तव्यों

(C) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों (D) कानूनी अधिकारों

**5.** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने किस अधिकार को संविधान का 'हृदय और आत्मा' कहा है ? **1**

(A) समानता का अधिकार (B) स्वतंत्रता का अधिकार

(C) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (D) शिक्षा का अधिकार

**6.** भारत के राष्ट्रपति का चुनाव कौन करता है ? **1**

(A) सीधे लोग (B) केवल संसद

(C) निर्वाचक मण्डल (D) सर्वोच्च न्यायालय

**7.** एक नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है परन्तु उसे बिना किसी वैध कारण के मतदान से रोक दिया जाता है – तो वह निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त के उल्लंघन का दावा कर सकता है ? **1**

(A) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार (B) गुप्त मतदान

(C) एकल संक्रमणीय मत (D) अनुपातिक प्रतिनिधित्व

**8.** पर्यावरण के बारे में सही कथन की पहचान कीजिए। **1**

(A) पर्यावरण में केवल जीवित जीव सम्मिलित होते हैं

(B) पर्यावरण में केवल प्राकृतिक संसाधन सम्मिलित होते हैं

(C) पर्यावरण में जीव और निर्जीव दोनों सम्मिलित होते हैं

(D) पर्यावरण में केवल मानवीय गतिविधियां सम्मिलित होती हैं।

9. निम्नलिखित में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन पर्यावरण और विकास पर केन्द्रित था ? **1**

(A) जेनेवा सम्मेलन (B) रियो अर्थ सम्मेलन
(C) बांडुंग सम्मेलन (D) पेरिस शान्ति सम्मेलन

10. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सुशासन (अच्छे शासन) की विशेषता **नहीं** है ? **1**

(A) पारदर्शिता (B) भागीदारी (C) भ्रष्टाचार (D) प्रभावकारी

11. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत की विदेश नीति का सही वर्णन करता है ? **1**

(A) भारत सैन्य गठबन्धनों की नीति का अनुसरण करता है।
(B) भारत गुट निरपेक्षता और शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व को बढ़ावा देता है
(C) भारत उपनिवेशवाद का समर्थक है
(D) भारत अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की अवहेलना करता है।

12. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत की गुट निरपेक्ष नीति का सही लक्षण है ? **1**

(A) नाटो (NATO) के साथ जुड़ना (B) शीत युद्ध के शक्ति गुटों के प्रति तटस्थ रहना
(C) सैन्य गठबन्धनों का समर्थन (D) महाशक्तियों पर निर्भरता

13. निम्नलिखित में से कौन सा कथन संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका के बारे में सही है ? **1**

(A) भारत शान्ति बहाली के कार्यक्रमों का विरोध करता है
(B) भारत निरस्त्रीकरण और शान्ति बहाली का समर्थक है।
(C) भारत संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों से दूर रहता है
(D) भारत परमाणु प्रसार का समर्थक है।

14. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत-चीन के सम्बन्धों पर 1962 के युद्ध के प्रभाव की सही व्याख्या करता है ? **1**

(A) इसने आपसी विश्वास का सुदृढ़ किया
(B) इसने दोनों देशों के बीच दीर्घजीवी तनाव पैदा कर दिया।
(C) इसके परिणामस्वरूप सम्बन्ध तुरन्त सामान्य हो गए
(D) इसका आपसी सम्बन्धों पर कोई प्रभाव नहीं हुआ

15. कौन सा कथन काश्मीर मुद्दे का सही वर्णन है ? **1**

(A) यह केवल सांस्कृतिक विवाद है
(B) यह भारत और पाकिस्तान के बीच क्षेत्रीय विवाद है
(C) 1972 में इसका समाधान कर लिया गया था
(D) इसका आपसी सम्बन्धों पर कोई प्रभाव नहीं है।

16. भारत और श्रीलंका ने किस वर्ष एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे ? **1**

(A) 1975 (B) 1981 (C) 1987 (D) 1991

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7A**
**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**17.** संयुक्त राष्ट्र चार्टर कब लागू किया गया था ? **1**
(A) 24 अक्तूबर 1945 (B) 15 अगस्त 1947
(C) 1 जनवरी 1946 (D) 10 दिसम्बर 1948

**18.** वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के कितने सदस्य हैं? **1**
(A) 190 (B) 192 (C) 193 (D) 195

**19.** देशों के लिए शान्ति को अनिवार्य क्यों माना जाता है ? **1**
(A) इससे सैन्य विस्तार को बढ़ावा मिलता है
(B) इससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति में सहायता मिलती है
(C) यह हथियारों के प्रयोग को प्रोत्साहित करती है
(D) इससे राजनीतिक प्रभुत्व प्राप्त होता है।

**20.** संयुक्त राष्ट्र का गठन कब किया गया था ? **1**
(A) पहले विश्व युद्ध के दौरान (B) दूसरे विश्व युद्ध से पहले
(C) दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर (D) शीत-युद्ध के बाद

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7B**
**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**17.** 'सरकार के दो स्तम्भ' का अर्थ है : **1**
(A) एक स्तम्भ दूसरे से बेहतर है
(B) राजनीतिक कार्यपालिका और नौकरशाही एक दूसरे पर निर्भर हैं।
(C) नौकरशाही राजनीतिक निर्णयों पर नियन्त्रण रखती हैं
(D) राजनीतिक कार्यपालिका प्रशासनिक सहयोग के बिना कार्य करती है।

**18.** मन्त्रियों और लोक सेवकों के बीच संबंधो को व्यवस्थित करने से निम्नलिखित में से किस को सुनिश्चित किया जाता है ? **1**
(A) केवल राजनीतिक श्रेष्ठता को (B) प्रशासनिक तटस्थता
(C) सहज और प्रभावकारी शासन (D) न्यायिक स्वतंत्रता

**19.** लोक सेवा आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से निम्नलिखित में से क्या सुनिश्चित होता है ? **1**
(A) भर्ती में तेजी (B) वित्तीय स्वतंत्रता
(C) स्वायत और निष्पक्ष कार्य शैली (D) कार्यपालिका पर नियन्त्रण में वृद्धि

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सरकार और लोक सेवा आयोग के बीच संबंधों का सही वर्णन करता है ? **1**
(A) सरकार को आयोग की सभी सिफारिशें स्वीकार करनी चाहिए
(B) सरकार बिना स्पष्टीकरण के सिफारिशों को अस्वीकार कर सकती हैं
(C) आमतौर पर सरकार सिफारिशें स्वीकार करती हैं परन्तु कारण दर्ज करके अस्वीकार कर सकती है।
(D) आयोग सरकारी नियुक्तियों पर नियंत्रण रखता है।

**21.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2**

संकट (आपात) कालीन प्रावधान __________ सरकार की __________ सरकारों पर शक्ति को दृढ़ता प्रदान करते हैं।

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **1x2**

(I) वर्तमान में मौलिक अधिकार कितने हैं ?

(II) सशस्त्र विद्रोह होने के कारण घोषित किए जानेवाले आपातकाल का उल्लेख किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है ?

**23. रिक्त स्थान भरिये :** **1x2**

मौलिक कर्त्तव्यों को __________ संशोधन द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद __________ के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

**24.** वाक्य को सही ढंग से पूरा कीजिए : **1x2**

(I) राज्य सभा का पदेन अध्यक्ष __________ होता है।

(II) मन्त्रियों के विभागों का वितरण तथा परिवर्तन __________ द्वारा किया जाता है।

**25. रिक्त स्थान भरिये :** **1x2**

प्रधान मंत्री वैश्विक स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों जैसे __________ और __________ में भाग ले सकता है।

**26. रिक्त स्थान भरिये :** **1x2**

टैक्स लगाने से संबंधित बिल को केवल __________ में प्रस्तुत किया जा सकता है क्योंकि यह __________ बिल होता है।

**27.** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए। **1x2**

(I) सार्वजनिक धन की अपेक्षित आय और व्यय के 'वार्षिक ब्यौरा' का नाम लिखिए।

(II) मन्त्रि परिषद् के अन्दर के एक आन्तरिक निकाय (संस्था) को किस नाम से जाना जाता है।

**28.** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए। **1x2**

(I) संसद के दोनों सदनों तथा राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए कौन उत्तरदायी है ?

(II) भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति किस वर्ष हुई थी ?

**29. रिक्त स्थान भरिये :** **1x2**

चीन में __________ दल प्रणाली है और फ्रांस में __________ दल प्रणाली है।

**30.** निम्नलिखित वाक्य पूरे कीजिए : **1x2**

(I) __________ के सफल संचालन के लिए जनमत एक अनिवार्य तत्व है।

(II) दबाव समूहों के कार्य बहुत __________ और संकीर्ण होते हैं।

**31.** निम्नलिखित वाक्य पूरे कीजिये : **1x2**

(I) भारत में ___________ जैसी संस्थाओं की स्थापना जवाब देह प्रशासन को सुनिश्चित बनाने के लिए की गई है।

(II) महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए आयोग का नाम ___________ आयोग है।

**32. रिक्त स्थान भरिये :** **1x2**

(I) मानवाधिकार ___________ हैं।

(II) मानवाधिकार सभी लोगों के साथ ___________ व्यवहार करते हैं।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए : **1x2**

(I) श्रीलंका में बहुसंख्यक समुदाय को किस नाम से जाना जाता है ?

(II) भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी भेदों को परस्पर सुलझाने के लिए कौन से समझौते में जोर दिया गया है।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7A**

**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**34.** निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए। **1x2**

(I) संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र और प्रस्ताव सदस्य देशों के लिए कानूनी बाध्यताएँ नहीं हैं परन्तु उनमें ___________ बल होता है।

(II) संयुक्त राष्ट्र ने देशों को अपने भेदों को ___________ प्रयोग किए बिना सुलझाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए : **1x2**

(I) 1950 के दशक में काश्मीर समस्या को हल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के कौन से अंग ने मध्यस्थ भेजे थे ?

(II) 1962 का कौन सा अन्तरार्ष्ट्रीय संकट संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से हल किया गया था ?

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7B**

**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। **1x2**

(I) नौकरशाही का व्यवस्थित अध्ययन करने वाले पहले जर्मन समाज विज्ञानी का नाम लिखिए।

(II) किस प्रकार की नौकरशाही आंखें मूंद कर राजनीतिक नेताओं का अनुसरण करती हैं।

**35. रिक्त स्थान भरिये :** **1x2**

(I) राजनीतिक नेताओं और अपराधियों के बीच नजदीकी गठजोड़ से ___________ का अपराधीकरण होता है।

(II) ___________ स्थायी, वेतन भोगी और कुशल अधिकारियों का समूह होती है।

**खण्ड – ख**

36. संसदीय प्रकार की सरकार को परिभाषित कीजिए। 2

**अथवा**

अध्यक्षीय (राष्ट्रपति) प्रकार की सरकार को परिभाषित कीजिए।

37. 'संविधान' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

38. राज्य के चार अनिवार्य तत्वों का उल्लेख कीजिए। 2

39. संघीय कार्यपालिका में प्रधान मंत्री की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं दो न्यायिक शक्तियों की व्याख्या कीजिए।

40. तीन सूचियों के सन्दर्भ में संसद की विधायी शक्तियों को स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

संसद के किन्हीं दो कार्यपालिका संबंधी कार्यों को स्पष्ट कीजिए।

41. सर्वोच्च न्यायालय को संविधान का संरक्षक क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अपदस्थ करने की संवैधानिक प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

42. पंचायती राज संस्थाओं के महत्व का विश्लेषण कीजिए। 2

43. मानव जीवन में पर्यावरण के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

राष्ट्रीय कूड़ा प्रबंधन परिषद के कोई दो कार्य स्पष्ट कीजिए।

44. भारत की विदेश नीति के कोई दो उद्देश्य लिखिए। 2

45. श्रीलंका में शान्ति प्रक्रिया नार्वे की भूमिका और भारत के प्रत्युत्तर को स्पष्ट कीजिए। 2

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7A**

**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**46.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् द्वारा लगाई गए किन्हीं दो गैर सैनिक बाध्यताओं का वर्णन कीजिए। **2**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7B**

**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**46.** नौकरशाही के किन्हीं दो सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। **2**

**47.** संस्कृति, क्षेत्र और संप्रभुता के सन्दर्भ में राष्ट्र और राज्य के बीच अन्तर का विश्लेषण कीजिए। **3**

**अथवा**

उद्देश्य, संप्रभुता और क्षेत्र के सन्दर्भ में राज्य और समाज के बीच अन्तर कीजिए।

**48.** सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में उदारवाद का वर्णन कीजिए। **3**

**49.** संघीय व्यवस्था में सर्वोच्च न्यायालय के किन्हीं तीन कार्यों का वर्णन कीजिए। **3**

**50.** वित्तीय आपातकाल के किन्हीं दो प्रभावों को उजागर कीजिए। **3**

**51.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के दायरे (विस्तार) को स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**52.** पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन विधायी उपायों की व्याख्या कीजिए। **3**

**अथवा**

भारत की राष्ट्रीय पर्यावरण नीति के किन्हीं तीन उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

**53.** किसी राजनीतिक दल की किन्हीं पाँच अनिवार्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। **5**

**अथवा**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी, प्रत्येक की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

(I) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(II) भारतीय जनता पार्टी

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7A**

**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**54.** संयुक्त राष्ट्र महासभा के कोई पाँच कार्य स्पष्ट कीजिए। **5**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 7B**

**(प्रश्नों के उत्तर मॉड्यूल 7A अथवा 7B से दें)**

**54.** संघ लोकसेवा आयोग के महत्व और इसके संगठन को स्पष्ट कीजिए। **5**

**- o O o -**